**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–07.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार अभियान में नेताओं के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी।
- भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने हेमंत सरकार पर आदिवासियों के प्रति दिखावा करने का लगाया आरोप, झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने झामुमो को झारखंड की चीन की दीवार बताया, कहा– इसे लांघना भाजपा के वश में नहीं।
- झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और झामुमो के बीच पोस्टर–वार जारी, चुनाव आयोग भी पोस्टर के जरिए लोगों को वोट देने के लिए कर रहा जागरूक।
- देवघर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा को आचार संहिता उल्लंघन मामले में क्लीन चिट दी, इंडी ब्लॉक के नेताओं ने विभाजनकारी भाषण देने की चुनाव आयोग से की थी शिकायत।
- छठ पूजा को लेकर पूरे राज्य में उत्साह और भक्तिमय माहौल, आज अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को दिया जायेगा अर्घ्य।

********************

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान को लेकर एनडीए और इंडिया ब्लॉक के नेता अपनी–अपनी जीत के दावों के साथ एक–दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप लगा रहे हैं। झारखंड में भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने इंडिया ब्लॉक के नेताओं पर घुसपैठियों को संरक्षण देकर आदिवासी और हिंदू समाज के अस्तित्व को खतरे में डालने का आरोप लगाया है।

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने पूर्वी सिंहभूम के बोड़ाम में एनडीए से आजसू प्रत्याशी रामचंद्र सहिस के समर्थन में हेमंत सोरेन सरकार पर आदिवासियों की हितेषी बनने का दिखावा करने का आरोप लगाया। चंपाई सोरेन ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस के इशारे पर काम कर रहा है। वहीं आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने लोहरदगा में आजसू प्रत्याशी के पक्ष में फल और फूल के समर्थन में जनता से आशीर्वाद मांगा।

उधर झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरायकेला में गणेश महली के समर्थन में चुनावी रैली में झारखंड मुक्ति मोर्चा को झारखंड की चीन की दीवार बताया। उन्होंने कहा कि इस दीवार को कोई भी लांघ नहीं सकता।

वहीं झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने खूंटी में आयोजित चुनावी सभा में झारखंड में पूर्व की डबल इंजन की सरकार पर निशाना साधा और दोगुनी ताकत से राज्य को कमजोर करने का आरोप लगाया।

********************

झारखंड में पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार चरम पर है। भाजपा और झामुमो के बीच अब पोस्टर–वार भी शुरू हो गया है। सभी पार्टियां अपने–अपने चुनावे वादे के साथ मतदाताओं को रिझाने में लगे हैं। वहीं चुनाव आयोग भी लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहा है।

********************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राजनीतिक दलों से कहा कि चुनाव आयोग ने मतदान केंद्र से 200 मीटर दूर कैंप लगाने की अनुमति दी है। आयोग ने कैंप में पार्टी अथवा प्रतिनिधि का झंडा या किसी प्रकार के प्रतीक चिन्ह नहीं लगाने का निर्देश दिया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि नेताओं को आदर्श आचार संहिता के दायरे में रहकर ही चुनाव प्रचार करना है।

********************

देवघर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने झारखंड में भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा को आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में क्लीन चिट दे दी है। गौरतलब है कि श्री सरमा ने झामुमो और उसके सहयोगियों की घुसपैठ नीतियों पर टिप्पणी की थी। इस पर इंडी ब्लॉक के नेताओं चुनाव आयोग से हिमंता बिस्वा सरमा पर विभाजनकारी भाषण देने का आरोप लगाया था।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

खूंटी जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

********************

भारतीय रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए कल से 164 विशेष ट्रेन चलाएगा। त्योहार मनाने के बाद अपने–अपने घर जाने वालों को इससे लाभ पहुंचेगा। वहीं अगले तीन दिनों तक करीब 476 रेलगाड़ी चलाने की योजना है। रेलवे के अनुसार पिछले 36 दिनों में चार हजार पांच सौ इक्कीस ट्रेनें चलाईं गईं जिससे 65 लाख यात्रियों ने यात्रा की। रेल मंत्रालय ने रिपोर्ट जारी कर बताया कि 6 करोड़ 85 लाख से अधिक यात्रियों ने बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश की यात्रा की।

********************

पूज्य प्रकाश को झारखंड सीआईडी का एसपी बनाया गया है। पदस्थापन के इस प्रस्ताव पर भारत निर्वाचन आयोग की सहमति प्राप्त है।

********************

झारखंड–बिहार समेत देशभर में छठ पूजा का उत्साह चरम पर है। चारों ओर छठ पूजा के लोकगीत से माहौल भक्तिमय हो गया है।

महापर्व के तीसरे दिन आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा जबकि कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय छठ संपन्न हो जायेगा।

छठ पूजा के अवसर पर राष्ट्रपति और झारखंड के राज्यपाल ने लोगों को बधाई दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यह त्योहार प्रकृति के अनूठे उपहार नदियों और तालाबों का सम्मान करता है और कठिन उपवास से मन और आत्मा को शुद्ध करता है। वहीं राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सभी के जीवन में सुख–शांति और समृद्धि की कामना की।

********************